## एक नजर

### समर्पण दिवस के रूप में मनेगा मरांडी का जन्मदिन

**सतबरवा।** झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जन्मदिन 11 जनवरी को जनता के प्रति समर्पण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि इस दौरान पूर्व की तरह इस बार भी श्री मरांडी के जन्मदिन पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी के साथ विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा रहेंगे।

### ठाकुरबाड़ी में होगा सुंदरकांड का पाठ

**मनातू।** स्थानीय राम जानकी मंदिर में रविवार को बैठक कर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर भव्य दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि इस दिन मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ किया जायेगा। कार्यक्रम के मद्देनजर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पवन कुमार साहू, सचिव अखिलेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कुमार को बनाया गया। मझौली के पूर्व मुखिया सचिंद्रजीत सिंह को भी अहम जिम्मेदारी दी गयी।

### बिजली चोरी में 10 के खिलाफ मामला दर्ज

हुसैनाबाद। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली का प्रयोग करते पाये जाने पर 10 लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। साथ ही उनपर एक लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अवैध बिजली उपयोग के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद व अशोक मेहता शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि बकायेदार किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में आकर अपना बिजली बिल जमा करा सकते हैं। पांच हजार से अधिक बकाया वालों का कनेक्शन काट दिया जायेगा।

### अभाविप ने महिला कॉलेज में किया नूतन छात्रा अभिनंदन समारोह

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय ईकाई ने नए सत्र के छात्राओं का शनिवार को कैंपस में स्वागत किया। नूतन छात्रा अभिनंदन समारोह का आयोजन, इकाई की अध्यक्ष सुरभि ठाकुर व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कुमारी के नेतृत्व में किया गया। उदघाटन एनपीयू के कुलसचिव प्रो. मृत्युंजय कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ अंबालिका प्रसाद, महिला महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय प्रसाद, जिला संयोजक सुमित पाठक, नगर मंत्री रामाशंकर पासवान आदि ने संयुक्त रूप से किया। कुलसचिव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से परिसर में विद्यार्थियों की उपस्थित भी बढ़ती है। विद्यार्थी परिषद की यह पहल सराहनीय है। डीएसडब्ल्यू डॉ अंबालिका प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी परिषद शुरू से ही छात्र हित में कार्य करने वाला संगठन रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ विजय प्रसाद ने कहा कि वे स्वयं लंबे समय तक विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे। यह संगठन परिसर में सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बने इसके लिए लगातार प्रयत्नशील रहता है। ईकाई मंत्री दीपिका मिश्रा, उपाध्यक्ष सपना कुमारी, प्रिया कुमारी, पूजा, नीलम, कालिंदा, अमृता, किरण, मंजू, स्नेहलता आदि कार्यक्रम में सक्रिय रहे।

---

### मानदेय वृद्धि की मांग, रसोईया संघ ने निकाला जुलूस

# दो हजार में दम नही, 21 हजार से कम नहीं

**समुचित कदम नहीं उठाया गया तो उपरोक्त मांगों को लेकर आगामी 9 मार्च से पूरे झारखंड के स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद रहेगा**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रसोईया के मानदेय में वृद्धि एवं संयोजिका को भी मानदेय देने की मांग को लेकर झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ के नेतृत्व में रिक्शा पड़ाव से मार्च कर जेलहाता होते हुए कचहरी परिसर पेंशनर समाज कार्यालय के समक्ष सभा की गयी। मार्च में रसोईया संयोजिका ने दो हजार में दम नही,21 हजार से कम नहीं। रसोईयों को 12 की जगह 10 महीना का मानदेय क्यों। हेमंत-मोदी जबाब दो। संयोजिका को मानदेय देना होगा। रसोईया-संयोजिका करें पुकार, हेमंत-मोदी खबरदार, रसोईया संयोजिका का शोषण बंद करो नारे लगाये। सभा में रसोईया संघ की राज्य अध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि रसोईया-संयोजिका अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही हैं। सरकार ने आंदोलन को देखते हुए कई बार वार्ता के दौरान वेतन बढ़ाने का आश्वासन भी दिया है। इसके बाद भी अभी तक कोई पहल नहीं की गयी है। इससे अब बात बनने वाली नहीं है। यदि तत्काल समुचित कदम नहीं उठाया गया तो उपरोक्त मांगों को लेकर आगामी 9 मार्च से पूरे झारखंड के स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद रहेगा। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव आरएन सिंह,पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी,आइसा छात्र संगठन के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के रामराज पासवान, इंकलाबी नौजवान सभा के अविनाश रंजन ने भी इस लड़ाई को समर्थन दिया। सभा का संचालन विजय विश्वकर्मा एवं अध्यक्षता रसोईया-संयोजिका संघ की जिला अध्यक्ष ऊषा देवी ने की। सभा को संघ के राज्य संरक्षक रविंद्र भुइयां,गीता देवी, सीता देवी, रूबी कुमारी, प्रभावती देवी, शकुंतला देवी, ने भी संबोधित किया।



मार्च में नारे लगातीं संघ की महिलायें

---

### कर्नल कप फुटबॉल के फाइनल मैच में उमड़े खेलप्रेमी

# बभंडी को हराकर पतरिया बना चैम्पियन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप 2023 की विजेता पतरिया की टीम बनी। फाइनल मुकाबले में पतरिया की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में बभंडी को 3-0 से हराकर कप पर कब्जा जमाया। मैच की समाप्ति के उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीम के बीच पुरस्कार एवं ट्राफी का वितरण मुख्य अतिथि छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, भाजपा नेता जवाहर पासवान, ओवरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव, क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा एवं राम प्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मैच के प्रारंभ में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व किक मारकर एसडीओ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में खेल में भी बेहतर कैरियर बनाने का अवसर है। ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। संरक्षक कर्नल डॉक्टर संजय सिंह ने आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डाला । फाइनल मैच में निर्णायक के रूप में धीरेंद्र कुमार बैठा, नेहाल मिर्जा, सुदय सिंह, लालकेश्वर पासवान, कविन्दर पासवान, सगीर अहमद व विनय सिंह रहे। इस मौके पर रामेश्वर राम, रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, भुवनेश प्रसाद सिंह, क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह, भाजपा नेता मोनू सिंह, लालबहादुर सिंह, ओमप्रकाश कुमार, नरेंद्र ठाकुर, विकास सिंह, क्लब के सदस्य मनोज शर्मा, जयकुश सिंह, सुधीर कुमार सिंह, लालधन ठाकुर, सुभाष कुमार, तक्की रिजवी, इसरार अहमद, अमित सिंह, भानू सिंह आदि मौजूद थे।


विजेता टीम को कप देते अतिथि

---

# विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ की तैयार हुई रूपरेखा



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ एवं भगवान शिव प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें यज्ञ को भव्य बनाने हेतु पंचायत स्तर पर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रखंड के सभी गांवों की पूजा कमेटियों से सहयोग लेने पर भी सहमति जतायी गयी। बैठक में विभिन्न कार्यों को 18 विभागों में बांट कर महायज्ञ को भव्य रूप देने की बात कही गयी। इस दौरान तय हुआ कि आगामी 11 जनवरी को बैठक कर कमेटी का गठन किया जायेगा। बैठक का संचालन लल्लू विश्वकर्मा, अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र शर्मा ने किया। इस दौरान कामेश्वर कुशवाहा ,जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, कमलेश मेहता, राकेश कुमार सिंह ,रविशंकर बिट्टू सिंह, अन्नू सिंह, विमलेश विश्वकर्मा, सिद्धार्थ कुमार, रामजन्म राम, कंचन विश्वकर्मा, मुन्ना सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, मुंशी शर्मा, जगदीश शर्मा उपस्तिथ थे।

---

### गरीब-असहायों के बीच कंबल वितरण

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ ने रविवार को कंबल वितरण किया। शहर के गायत्री मंदिर रोड सुदना स्थित सुरेश साहू के आवास पर वितरण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत चौहान एवं संचालन प्रदेश महासचिव सुरेश साहू ने किया। कार्यक्रम में 100 गरीब,असहाय, विधवा एवं दिव्यांग के बीच कंबल वितरण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि संघ पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए संघर्षरत है। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश महासचिव डा. संजय पासवान, बिहारी साहू, प्रदेश सचिव श्याम नंदन प्रसाद गुप्ता, सुवन्श पाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अखिलेश्वर मेहता, श्यामदेव मेहता, बनौधी साहू, मीडिया प्रभारी अंकु गुप्ता मौजूद थे।

---

### पूजित अक्षत-कलश के साथ दिया प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण , दिखा उत्साह

# जय श्रीराम उद्घोष के साथ निकली जनजागरण शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से पूजित अक्षत और कलश के साथ रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। विहिप अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व मंत्री अविरज जी के नेतृत्व में निकली इस जनजागरण यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राणप्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया जा रहा है। साथ ही रामभक्तों से उस दिन घर- घर दीपोत्सव मनाने व भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना करने का भी आह्वान कर रहे हैं। इस शोभा यात्रा में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, आनंदी पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव, डॉ. अजय जायसवाल आदि ने सहभाग कर कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इससे पूर्व संगठन के सैकड़ों सदस्य हैदरनगर स्थित बड़ा शिवालय प्रांगण में एकजुट होकर जयश्री राम, जय हनुमान का उद्घोष किया। जन जागरण का काफिला मेन बाजार होते हुये श्रीराम जानकी मंदिर, भाई बिगहा, खरगाड़ा, परता, सलेमपुर, सजवन, यादव टोला खरगाड़ा, बिन्दु बिगहा, चौकड़ी, बनाही, नयकाडीह, कुकही होते सिमरसोत पहुंची। इसके बाद सरगाड़ा मोड़ से निमियादोहर, सरगाड़ा, भीखा बिगहा, बिलासपुर, संड़ेया, लपेया, संड़ेया देवी मंदिर, सरहु, करीमना, काजीनगर, पतरिया, बंशी मोड़, बरेवा, लोहरपुरा मेहता टोला, कुड़वा खुर्द, नोखिला मोड़, कुड़वा कला, मोकहर पसियाडीह, नावाडीह, हेमजा, सबनवा मोड़, बरवाडीह, बरडंडा, कोईरियाडीह, भदईपर, पांती, रामजीता, जिनताड़ से वापस हाईस्कूल रोड में प्रवेश करने के बाद बैंक रोड, मेन रोड होते देवी धाम पर यात्रा का समापन किया गया।


यात्रा में शामिल श्रद्धालु

---

# ढाब कला पैक्स में धान क्रय केंद्र खुला, मिलेगी राहत



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत ढाब कला पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अब यहां के किसानों को धान बेचने के लिए काफी सहुलियत होगी। सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 2300 रुपए निर्धारित मूल्य के साथ उन्हें बोनस भी दिया जायेगा। वहीं क्रय पदाधिकारी सरजुन राम तथा पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य का लाभ किसानों को मिलेगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, जनेश्वर भुइयां, सरोज प्रसाद कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, समाजसेवी पिंटू सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, कान्हा सिंह, पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुइयां, संजय भुइयां, श्रीकांत सिंह, लखन सिंह उपस्थित थे।

---

# बैदा मेन रोड गड्ढे में तब्दील, लोग बेहाल



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड के पाल्हे कला-बैदा मोड़ मुख्य पथ तक सड़क पूरी तरह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे हैं कि गड्ढे में सड़क। हल्की बारिश होने पर ही सड़क पर बने गड्ढे में पानी भर जाता है। जिसके कारण राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इससे वाहन तो दूर राहगीरों का भी सड़क से आवागमन दूभर हो जाता है। इसके साथ ही भारी फिसलन के कारण आये दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। नागरिकों ने बताया कि पाल्हेकला कला से बैदाकला की दूरी महज चार किलोमीटर है, लेकिन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त सड़क के कारण इतनी ही दूरी तय करने में 45 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। पाल्हेकला से बैदाकला होते हुए मनातू व पंडवा मोड़ को औरंगाबाद से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क की अनदेखी समझ से परे है। निर्माण के 12 वर्षों में एक बार भी सड़क का मरम्मत नहीं किये जाने से लोगों को मेदिनीनगर जाने के लिए भाया पड़वा होकर दस किलोमीटर की दूरी अधिक तय करना पड़ता है। ग्रामीण सड़क की मरम्मती को लेकर क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी से मिलने की योजना बना रहे हैं।



-पाल्हे कला की मुखिया लीलावती देवी ने कहा कि रोड की जर्जर हालत से निपटने के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया है। जल्द ही इस समस्या का निराकरण किया जाएगा।



गड्ढे में तब्दील रोड के बारे मे पश्चिम जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने बताया कि रोड टेंडर प्रक्रिया में है। बहुत जल्द ही रोड का निर्माण कार्य होगा।



इस रोड के संबंध में पाटन प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि इस रोड का आरयू के तहत रिपेयरिंग के लिए दिया गया है तथा सांसद विष्णु दयाल राम से चार किलोमीटर रोड के बनवाने के लिये अनुशंसा कराई गई है।

---

# काला बिल्ला लगाकर बुलंद की आवाज



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद शराब कारोबारी द्वारा एक अखबार के प्रधान संपादक और स्थानीय संपादक को फोन पर धमकी देने और आरोपी के कहने पर पुलिस द्वारा संपादकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रगतिशील पत्रकार मंच ने कड़े शब्दों में निंदा की है। मंच के सदस्यों ने रविवार को काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। मंच के अध्यक्ष सैयद नौशाद ने कहा कि सरकार शराब कारोबारी को संरक्षण दे रही है। उन्होंने संपादकों पर किए गए मुकदमा वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सीधे प्रेस की आजादी पर हमला है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं इस आंदोलन का समर्थन करते हुए रांची प्रेस क्लब के प्रवक्ता अरविंद कुमार गुप्ता ऊर्फ चुनमुन ने कहा की संपादकों पर प्राथमिकी दर्ज कराना लोकतंत्र की हत्या है। मौके पर जितेंद्र प्रसाद, जफर हुसैन, अनुज कुमार,संजय ओझा, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय गुप्ता, विनोद सागर, अखिलेश कुमार, गौतम पटेल, विकास कुमार, लक्ष्मी रमण आदि मौजूद थे।

---

# जिले में जारी है शीतलहर का सितम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में शीतलहर का सितम जारी है। शहर से लेकर गांव तक जनमानस कड़ाके की ठंड से बेहाल हैं। साथ ही कोहरे का प्रकोप दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। पूरे दिन जहां कोहरे की घनी धुंध छाई रह रही है। वहीं सूर्यास्त के पूर्व से ही टपक रहीं ओस की बूंसे रिमझिम बरसात का एहसास करा रही हैं। प्रतिकूल मौसम का विशेषकर बुजुर्गों व बच्चों के सेहत पर असर डाल रही हैं। तेजी से लोग शीतजनित बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। गर्म कपड़े भी ठंड का असर कम करने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में तो 24 घंटे बोरसी सुलग रही है। मौसम के जानकार आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।


कोहरे में लाइट जला कर चलते वाहन

---

### अरहर की फसलों को पाला मारने का बढ़ा खतरा

**मेदिनीनगर।** पिछले एक पखवारे से अधिक समय से जारी कोहरे के कारण खेतों में खड़ी अरहर की फसलों को पाला मारने का खतरा बढ़ गया है। आसमान में छाये बादलों के भी अपेक्षित बरसात के बिना ही निकल जाने से किसान मायूस नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष खरीफ व रबी की फसल पहले ही मौसम की बेरुखी की भेंट चढ़ चुकी है। अब जब अरहर में फूल आने शुरू हुये हैं तो प्रकृति ने एक बार फिर से कोप दिखाना शुरू कर दिया है। अरहर की फसल नष्ट हो जाने से चावल-रोटी के साथ दाल के भी लाले पड़ जायेंगे। इसके साथ ही घना कोहरा सरसो की फसल के लिये भी नुकसानदेह बताया जा रहा है।

---

# पलामू : एक दर्जन ट्रेनों में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान, 260 रेलयात्री धराये

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज स्टेशन से गड़वा रोड रेलवे स्टेशन के बीच 12 लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपुंज, पलामू एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में अभियान चला। 260 बेटिकट रेल यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से 1 लाख 34 हजार 475 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि लगातार टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।


जांच करते अधिकारी

---

**पहल** ग्रामीण युवाओं के चरित्र निर्माण पर रहेगा जोर, किया जायेगा प्रचार-प्रसार

# क्षेत्र को नया पहचान देगा पांकी महोत्सवः अक्षय

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पीडीएनयू फाउंडेशन के संस्थापक अक्षय कुमार ने कहा कि पांकी में 21 जनवरी को पहली बार ऐतिहासिक पांकी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीण युवाओं में वैचारिक विमर्श की क्षमता का उन्नयन, चरित्र निर्माण के साथ- साथ उनके व्यक्तित्व का विकास है। साथ ही क्षेत्र की युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। जिससे राष्ट्रीय और युवा-केंद्रित मुद्दों की बेहतर समझ को बढ़ावा मिले। उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर व्यापार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैरियर प्रदर्शनी, रोजगार मेला, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्र निर्माण, स्वावलंबी भारत जैसे विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्षता कुंदन सिंह ने की। मौके पर संस्कार सोनी, रीमा शर्मा, उपेन्द्र, रणजीत, सोनू सिंह, अविनाश सिंह, गौतम मालाकार,राहुल साव, अभिराज कुमार, विशाल मालाकार मौजूद थे।



---

# महिला से 50 हजार रुपये की छिनतई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुरमूसी गांव निवासी महिला से पचास हजार रुपये की छिनतई कर ली गई है। एसबीआई के लेस्लीगंज ब्रांच से शनिवार को दिन में लगभग एक बजे पचास हजार रुपया निकासी कर महिला पैदल घर जा रही थी। इसी क्रम में लेस्लीगंज पुराना बाजार में का समान लेने के लिए वह एक दुकान में रूकी। झोला में रखे मिक्सर ग्राइंडर एवं खाने का समान सहित पचास हजार भी रखी हुई थी। सामान खरीदने के दौरान उसने उसे काउंटर के पास रखा। इसी क्रम में मोटरसाइकिल से पहुंचे झपट्टामार गिरोह के सदस्य झोला लेकर निकल भागे। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

## एक नजर

### गिद्धौर : सजने लगा बलबल पशु मेला

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलबल गर्म जल कुंड परिसर में मक्रसंक्रांती पर लगने वाले दस दिवसीय पशु मेला में अभी से हीं झूला, तारा मांची, खेल तमाशे दिखाने वाले पहुंचने लगे है। साथ हीं मेला में दुकान लगाने को लेकर लोग पड़ोसी जिले के साथ दूसरे राज्य व्यापारियों का आगमन होने लगा है। मेला में सुरक्षा के लिए मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरा से लैस किया जा रहा है।

### किसान रथ रवाना

**महुआडांड़।** कृषि तकनीकी केंद्र से रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा, एटीएम राहुल सिंह के द्वारा दो बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया कि यह बिरसा कृषि रथ प्रखंड के सभी 14 पंचायतों में जागरूकता हेतु जाएगा।

### इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने किया कंबल का वितरण

**महुआडांड़।** इंडियन मुस्लिम लीग के द्वारा महुआडांड़ के अम्वांटोली में गरीब असहाय के बीच रविवार को कंबल वितरण किया गया। लीग के रफत जहां ने बताया कि ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इंडियन मुस्लिम लीग द्वारा यह कंबल वितरण किया कार्यक्रम का आयोजन गया। लोगों ने इंडियन मुस्लिम लीग इस कार्य की सराहना की। मौके पर संजीदा खातून निखत परवीन मकसूदा बीबी आदि मौजूद थे।

### गरीब, विधवा व वृद्धों के बीच बांटा कंबल

**टंडवा।** प्रखंड अंतर्गत सिसई गांव के बुटखेता टोला में रविवार को संकल्प सेवा फाउंडेशन द्वारा गरीब, विधवा, असहाय एवं वृद्धों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। संस्था ने लगभग 60 गरीब असहायों को कम्बल दिया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय, सचिव प्रो. जय प्रकाश रजक, शैलेश भारतीय, सुमन भारतीय, उदय कुमार पांडेय, धनंजय कुमार पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, प्रवेश कुमार, मुकेश आनंद, अभिनव कुमार मिश्रा, नित्यानंद पांडेय, शिवनाथ रजक, पिंकी देवी व अन्य उपस्थित थे।

### मुखिया के नेतृत्व में हुई ग्राम सभा

**गिद्धौर।** दुवारी पंचायत भवन में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में रविवार को महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया। महिलाओं को मुखिया ने महिला उत्थान की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। कई योजनाओं का चयन किया गया। इसमें पत्तल, गिलास, चूड़ी, अगरबत्ती, स्वास्थ्य से संबंधित, मछली पालन, बत्तख, मुर्गी, बकरी, सिलाई कढ़ाई, मशरूम की खेती, दीदीवाड़ी आदि योजनाओं को प्राथमिकता दी गई।

### शिव मंदिर परिसर में नाई समाज की बैठक

**चतरा।** नाई संघ समिति की बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित हेरुवा शिव मंदिर परिसर में हुई। बैठक में नाई संघ समिति ने नई दर की वृद्धि और सप्ताहिक बंदी शनिवार को घोषित की। नगर कमिटी बनाई गई, जिसमें नगर अध्यक्ष उमेश कुमार ठाकुर, सचिव शंभु ठाकुर, उपाध्यक्ष सौकिर मोहम्मद, कोषाध्यक्ष रविन्द्र ठाकुर, मीडिया प्रभारी शिव शंकर ठाकुर को बनाया गया। सभी संचालकों ने समिति को अनुशासन के साथ चलाने का निर्णय लिया।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** थाना क्षेत्र के गोनिया ग्राम स्थित डाकबंधी के समीप एनएच 22 रांची-चतरा मुख्य पथ पर रविवार को सुबह लगभग 7 बजे अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को रौंदकर फरार हो गया, जिससे बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि बालूमाथ की ओर से एक बाइक सवार चतरा की ओर जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ दूर तक ट्रक में फंस कर बाइक सवार घिसटता रहा, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस अवर निरिक्षक आनंद कुमार, सहायक अवर निरिक्षक नीरज दुबे सह दलबल घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान गढवा के रंका थाना अंतर्गत राबदा ग्राम निवासी अनिल कुमार (30) पिता विजय राम चन्द्रवंशी के रूप में की गई। इसके पश्चात पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन दोपहर थाना पहुंचे और मृतक के चचेरा भाई ओम प्रकाश ने बताया कि अनिल एयरटेल कम्पनी के टेक्निकल वर्कर के रूप में कार्यरत था। माता पिता व भाई बहन छत्तीसगढ़ में रहते हैं। वह चतरा से बालूमाथ तक एयरटेल कम्पनी के टावर की देखरेख करता था। रविवार सुबह बालूमाथ से काम करने चतरा की ओर अपनी बाइक से जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि मृतक के चचेरा भाई ओम प्रकाश के फर्द बयान पर प्राथमिकि दर्ज कर ली गई है। शव परिजनों के साथ पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया।

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जयप्रकाश नगर स्थित हीरो शोरूम के समीप वाहन दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल सोनासिमर निवासी 65 वर्षीय हलधर सिंह की मौत रांची में इलाज के दौरान हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल होने पर बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाया गया था। रांची में इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। पोस्मार्टम के बाद रविवार शव को उनके निवास स्थान लाया गया। अंतिम संस्कार इटखोरी मुहाने घाट पर कर दिया गया। उनके मौत से पूरे परिवार समेत पूरे गांव में गम छा गया है।

## कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन शुरू

**पत्थलगडा(चतरा)।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पत्थलगड़ा कि प्रभारी वार्डन रुमा कुमारी ने बताया कि इस बार कक्षा छः में यहां कुल 75 छात्राओं का नामांकन लीया जाएगा।

नामांकन को लेकर वर्ग एंव कोटि वार सीटों कि सूची भी जारी कि जा चुकी है। जारी सूची के अनुसार कक्षा छः में एससी के 14, एसटी के 6, ओबीसी के 28, अल्पसंख्यक के 8 व बीपीएल धारी के 19 छात्राओं का नामांकन लीया जाएगा। इसके अलावे कक्षा सात में ओबीसी के 12, अल्पसंख्यक के 8, कक्षा आठ में ओबीसी के 2, अल्पसंख्यक के 8, कक्षा नौ में ओबीसी 6 व अल्पसंख्यक के 8 छात्राओं का नामांकन लीया जाएगा। बताया कि नामांकन प्रपत्र 20 जनवरी तक विद्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त व जमा कर सकते हैं। बीपीएल धारी छात्राओं को बीपीएल नम्बर लाना अनिवार्य है।

## आईजी और एसपी ने पुल निर्माण स्थल पर माओवादी उत्पात का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा एवं लातेहार एसपी अंजनि अंजन ने शनिवार को बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूभांग ग्राम स्थित अमानत नदी पर पुल निर्माण कार्य में माओवादी द्वारा घटित घटना का जायजा लिया। इस दौरान घटनास्थल पर पुल निर्माण कर रही कंपनी के संवेदक और स्थानीय मजदूरों से बात करते हुए घाटना के बारे में जानकारी लिया और उन्हें भरोसा दिलाया कि आप पूल निर्माण करें। आपको पूरी सुरक्षा व्यवस्था दिलाई जाएगी। मौके पर मौजूद बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी को अपराधियों को धर पकड़ करने के साथ-साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो हेरहंज थाना प्रभारी नीतीश कुमार चतरा जिले के सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे। शुक्रवार की शाम बालू भांग ग्राम क्षेत्र स्थित पुल निर्माण कर रही कश्यप कंस्ट्रक्शन साइट पर अपराधियों ने हमला कर तीन मशीनों में आग लगा दी थी और मजदूरों को बंधक बनाया गया था।

## सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण 24 से करेंगे आंदोलन

**बरवाडीह।** प्रखंड के बरवाडीह मंडल मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर रविवार को मोरवाई पंचायत के ग्रामीणों की एक बैठक जिप सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, मुखिया आशीष कुमार सिंह एवं आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों की उपस्थिति में मोरवाई बस स्टैंड परिसर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया आशीष कुमार सिंह ने किया। बैठक के दौरान वार्ड सदस्य समेत सभी ग्रामीणों द्वारा अब सड़क की मांग को लेकर पत्राचार और ज्ञापन को छोड़ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। 24 जनवरी से ग्रामीणों के द्वारा अनिश्चितकाल के लिए प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने के साथ-साथ सड़क जाम और नाकेबंदी चरणद्ध तरीके से करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रेमा देवी, बृजनंदन सिंह, पिंकी देवी, सोनी देवी, ग्राम प्रधान राम अवतार सिंह, रामदेव सिंह जोसफ सुरीन, हरिंदर उरांव, अमीन सिंह, शिवनारायण सिंह, रवि कुमार, कृष्ण देव शर्मा भोलू शर्मा, दिलीप कुमार, बब्लू राम, रामराज सिंह, फनु सिंह, दुर्गावती देवी आदि मौजूद रहे।

## जमीरा में वनभोज कार्यक्रम में जुटे चंदवा के 17 पंसस



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा।** पूरे प्रखंड के प्रमुख-उपप्रमुख समेत 17 पंचायत समिति सदस्यों ने रविवार को जमीरा पंचायत में आयोजित वनभोज का लुफ्त उठाया। प्रमुख मनीषा उरांव ने कहा कि समय-समय पर पंचायत समिति सदस्यों का आपस में मिलना जरूरी है ताकि पूरे प्रखंड में हो रहे विकास कार्य और गतिविधि पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा सके। हम सभी एक परिवार की तरह है और एकजुटता ही हमारी ताकत है। वही उप-प्रमुख अश्विनि मिश्र ने आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुए वर्ष 2024 को अहम बताया। कहा कि एकजुटता ही हमें हमारा अधिकार दिलायेगी। उप-प्रमुख ने पंसस को मिली शक्तियों और अधिकारों के बारे में बताया।वन भोज का कार्यक्रम जमीर पंचायत स्थित रोल गांव के एक विद्यालय में किया गया था जहां पंसस के अलावे पंसस पति और स्थानीय ग्रामीण भी जुटे हुए थे।

## फरार अपराधियों के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

**चतरा/लावालौंग।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार टीएसपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू उर्फ सरदार जी व रविन्द्र गंझू उर्फ आक्रमण जी के जिले के लावालौंग स्थित घर में न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार (नोटिस) को पुलिस टीम ने ढ़ोल बजाकर चिपकाया। लावालौंग कांड संख्या 11/2018 में दोनो नामजद हैं और फरार चल रहे हैं। जिसे लेकर अनुसंधान विंग में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार झा ने सहायक अवर निरीक्षक बिरेन्द्र कुमार महतो के साथ न्यायलय द्वारा जारी इश्तेहार को ढोल व डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में दोनो के घर पर चिपकाया। इस दौरान जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की बात कही गई।

## मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण

### पढ़ाई से लेकर अन्य कार्य प्रभावित, डीसी से की समस्या से निजात दिलाने की मांग

**रुपेश कुमार। बारियातु**

प्रखंड की शिबला पंचायत के ग्राम मकरा के टोला बघौता, नावाडीह एवं झरमतकोमा, चपरी इन सभी गांवों में ग्रामीण आज भी मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाओं से कोसों दूर हैं, जिससे उन्हें काफी परेशनी उठानी पड़ रही है। टावर की सुविधा नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कार्य से भी प्रभावित हैं।

ग्रामीण रोहन कुमार, भोला राम, मुटका राम धीरंजन कुमार, संजय कुमार, बालचंद राम, विशेश्वर कुमार रवि, सुनील राम, मोहन कुमार रवि, पिन्टू राम आदि ग्रामीणों ने बातया कि हम लोगों के पास मोबाइल फोन ही एकमात्र साधन है। नेटवर्क की समस्या बहुत ही ज्यदा बढ़ी हुई है। नेटवर्क नहीं रहने के कारण इधर से उधर भटकना पड़ता है। हमारे क्षेत्र में जियो का नेटवर्क है, लेकिन हमलोगों के गांव तक उसकी कनेक्टिवटी बहुत ही कमजोर है, जिससे हम सभी ग्रामीण सरकारी ऑनलाइन योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। सबसे खराब स्थित अभी जियो का है, जिससे सही से बात तक नहीं हो पाती है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दिन के समय अगर किसी से बहुत जरूरी बात करनी हो तो घर से बाहर सड़क पर जाना पड़ता है। रात में किसी प्रकार की इमरजेंसी होने पर बात नहीं हो पाती है। सबसे ज्यदा दिक्कत बीमार और गर्ववती महिलाओं को अस्पताल पहुंचने के लिए एम्बुलेंस बुलाने में होती है। ऐसा ही हालत रहे तो डिजिटल इंडिया का सपना कैसे पूरा होगा। वहीं ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से नेटवर्क की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।



## अम्बे माइनिंग कंपनी ने किया कंबल का वितरण

**टंडव।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के मिश्रोल पंचायत भवन परिसर में शिविर लगाकर अम्बे माइनिंग कंपनी द्वारा जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में जिप सदस्य देवंती देवी, स्थानीय मुखिया सुबेश राम, पंसस बिमला देवी, उप मुखिया खुश्बू कुमारी, पूर्व मुखिया प्रयाग राम के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। बताया गया की कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा हैं। मौके पर कंपनी के मैनेजर शमीम अंसारी, सौरभ झा, उमेश गंझू, जियाउल, रमजान मियां, चिंतामन साव, अमित कुमार, रेशमा प्रवीण, पंकज कुमार, इसराफिल अंसारी व पंचायत के सभी वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण

**कुंदा।** प्रखंड क्षेत्र कोयता गांव निवासी समाजसेवी सह मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने नवादा पंचायत क्षेत्र के उलवार, सिंदरी व टयाकरम गांव के गरीब व बुजुर्ग जरूरतमंदों के साथ बिरहोरों के बीच अपने निजी खर्च से कंबल का वितरण किया। वही कपकपाती ठंड में कंबल पाते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे।

## झामुमो के सिमरिया विस के कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज में उमड़ी भीड़




**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया** झारखंड मुक्ति मोर्चा का सिमरिया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन सह वन भोज कार्यक्रम रविवार को सिमरिया प्रखंड के तेतर मोड स्थित उदयन पब्लिक स्कूल मैदान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता व पार्टी मनोज कुमार चंद्रा के समर्थक भारी संख्या में शामिल थे। कार्यक्रम में पहुंचे समर्थकों एवं कार्यकताओं को श्री चंद्रा द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए कार्यकताओं के मनोरंजन के लिए गीत संगीत के भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने पार्टी के मजबूती पर बात करते हुए श्री चंद्रा के नेतृत्व पर विश्वास जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्रा का अहम योगदान रहा। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता आलोक रंजन, नेमधारी महतो, कृष्णा साहू, मालेश्वर साव, भूपेंद्र ठाकुर, ललिता देवी, जितेंद्र सिंह, चंद्रदेव साहू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।

## 205 के नेत्रों की जांच,155 को चश्मा

**महुआडांड़।** स्वंयसेवी संगठन सेसा पलामू की ओर से वनसाइट एसिलर लक्सोटिका फाउंडेशन बंगलोर के सहयोग से प्रखंड के ग्राम मेराम में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का उद्घाटन सेसा के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा ने किया। संस्था ने पलामू में इस वर्ष 50 शिविर के द्वारा 10000 लोगों का इलाज करने का लक्ष्य रखा है। शिविर में 205 लोगों की जांच हुई और 155 लोगों को चश्मा दिया गया। मौके पर महासचिव डॉक्टर कौशिक मल्लिक, अमरेंद्र कुमार, श्यामसुंदर साह, संजु कुमारी, अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, खुशबु कुमारी, मोहन गिरी, मुरारी चन्द्रवंशी मौजूद रहे।

### 78 मरीजों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन

**लातेहार।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार और जीवन ज्योति ट्रस्ट रांची के संयुक्त तत्वावधान में मननचोटाग स्थित आदिम जनजाति परिवार कल्याण अस्पताल में शनिवार को मोतियाबिंद के 78 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। एवं मरीजों का लेंस-प्रत्यारोपन किया गया। 114 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। 78 मरीजों को चिकित्सक ने ऑपरेशन किया।

## कई शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधायक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न पंचायत का दौरा कर कार्यकर्ताओं और आमजनों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना।

प्रकाश राम बनहरदी गांव पंहुचे, जहां वे इसी पंचायत के मुखिया रमेश उरांव के पिता के निधन के पर दुख जताते हुए परिजनों को ढांढस बांधा। इसके बाद पूर्व विधायक विजय यादव के घर में कार्यकताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जानकर जल्द ही निराकरण का आश्वासन दिया। वहीं हाल में ही कैंसर रोग से पीड़ित अनुज उरांव के निधन पर उनके घर जाकर उनके परिजनों को ढांढस बांधते हुए उनके पिता जयमंगल उरांव को आश्वस्त कराया कि इस दुख की घड़ी में वो उनके साथ खड़े हैं। होलंग निवासी सुरेश साव के घर पंहुच उनकी माता के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। वह मुंबई में काम करने गए मजदूर स्व. विष्णु उरांव के परिजनों से मिलकर उन्हें आगे सरकारी प्रक्रिया के तहत मिलने वाली मदद में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात पूर्व विधायक प्रकाश राम पूरे काफिले के साथ चंदवा थाना टोली निवासी संजय प्रसाद के घर पंहुचे। उनके पिता स्व नंदू बाबू के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होकर उनकी पुण्य आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस पूरे दौरे में प्रकाश राम के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक,पूर्व प्रखंड प्रमुख नवाहिर उरांव, महामंत्री शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष बिनय कुमार रिक्की, सुरेश यादव, छोटू कुमार आदि लोग शामिल थे।

## पत्रकारों ने पुलिस महानिरीक्षक को सौंपा आवेदन

**लातेहार।** मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह द्वारा पत्रकार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजने के विरोध में थाना प्रभारी पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु लातेहार जिले के पत्रकारों ने पुलिस महानिरीक्षक एवं आयुक्त पलामू को आवेदन सौंप कर गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से बताया गया कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से पत्रकारिता का काम कर रहे दीपू कुमार (दीपू राम) को 15 नवंबर 2023 को मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के द्वारा साजिश के तहत जेल भेजा गया था।

वहीं इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी को भी आवेदन देकर मामले से अवगत कराया गया है और थाना प्रभारी के ऊपर कारवाई की मांग की गई है। वहीं अमर बाउरी ने कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं इस संबंध में डीएसपी बरवाडीह दिल्लू लोहार ने कहा कि थाना प्रभारी की कार्यशैली के कारण पत्रकारों के साथ आपसी समन्वय नहीं बन पा रहा है। इस विषय पर आप एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करें।

**पहल** छिपादोहर से बरवाडीह बाईपास सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

# विकास में सभी वर्गों के लोग करें सहयोग : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के छिपादोहर में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने क्षेत्र की बहु प्रशिक्षित मांगें पूरी करते हुएमें दो बाईपास सड़क निर्माण योजना की आधारशिला रखी।


रविवार को विधायक ने छिपादोहर रेलवे पुल के समीप प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 13 किलोमीटर छिपादोहर से बरवाडीह बाईपास सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्राम प्रधान मनदीप सिंह, मुखिया, बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी निवास सिंह, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व फादर ज्योति बाखला, बेरोनिका कुजूर, दीपा देवी आदि ने विधायक का स्वागत किया।



विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी लंबित सड़क मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जा रहा है। विधायक ने क्षेत्र के विकास में सभी अधिकारियों, ग्रामीणों समेत सभी वर्ग के लोगों से सहयोग की अपील की। विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्य में बाधा पहुंचाने वाले लोगों को चिन्हित कर सबक सिखाने की बात भी कही। वहीं संवेदक मुमताज खान ने 6 माह से पहले दोनों सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की बात कही। कार्यक्रम में रामप्रवेश सिंह, विभाग के अधिकारी, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अनिल कुमार सिंह, अजय चंद्रवंशी, मनोज जायसवाल, रविंद्र राम, राजू प्रसाद, उमेश प्रसाद, डॉ सुशील कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, तेतर यादव, निजाम अंसारी, मनान अंसारी, रविंद्र पासवान, नंदू प्रसाद, सुरेंद्र राम, बलदेव परहिया, अवधेश मेहरा, शिवानंद तिवारी, कृष्ण प्रसाद, हरि यादव, मुसाफिर यादव, असर्फी यादव, कुलेश्वर सिंह, सरवन सिंह समेत छिपादोहर, चुंगरू, लात, कुचिला, केड आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर पोस्टमास्टर को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** डाकघर शाखा कामता के पोस्टमास्टर पद पर कार्यरत ग्यासुद्दीन खान की सेवानिवृत्ति होने पर उप डाकघर कार्यालय चंदवा में विभाग के कर्मचारियों ने शनिवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।



उप डाकघर कार्यालय और कामता पोस्ट ऑफिस में शनिवार को आयोजित विदाई समारोह में पोस्टमास्टर ग्यासुद्दीन खान को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की काफी सराहना की। डांक अधिदर्शक महेन्द्र प्रसाद ने उनके कार्यों को सराहनीय बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ छवि, ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा के कारण विभाग के साथ साथ समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। चंदवा पोस्टमास्टर विजय प्रसाद ने कहा कि ग्यासुद्दीन भाई अपनी सेवाकाल के 34 वर्षो में काफी बेहतर कार्य किया ईन्होंने अपने अच्छे सेवा के कारण हजारों लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट दी है। विदाई के दौरान वह बहुत ही भावुक भी दिखे। डाक विभाग को जीवन के 34 वर्ष देने पर भी पेंशन नहीं होने से विभागीय कर्मीयों में सरकार और विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। इस दौरान अर्जून प्रसाद, नित्यानंद सिंह, रघुनाथ सिंह, मुकेश प्रसाद, रघुनाथ सिंह, सरवर खान, प्रकाश उरांव, गंगा तुरी, मनोज यादव, रमेशर सिंह, सरफराज खान, इरफान खान, बाबूलाल साह, सिमरन सिंह, रिया अरचना, रानी तिर्की, सावित्री कुमारी, जय प्रकाश, सुभाष गंझु, सुमन पासवान, अनिकेत कुमार सिंह, रोहित उरांव, सौरभ कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, सुरेश बैग, संतोष उरांव, अलका रानी, वर्षा कुमारी व अन्य मौजूद थे।

> सर्दी हो या गर्मी हर मौसम शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा को बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है।

# ठंड में जरूरी है खुद को हाइड्रेटेड रखना

अंजलि कुमारी

ठंड के मौसम में हम सभी वॉटर इंटेक को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ठंड में हमें अधिक प्यास नहीं लगती और हम बहुत कम पानी पीते हैं, जिसकी वजह से बॉडी डिहाइड्रेटेड हो सकती है। हालांकि, आपको मालूम होना चाहिए की सर्दी हो या गर्मी हर मौसम शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा को बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। डिहाइड्रेशन तमाम शारीरिक परेशानियों का कारण बन सकता है, इसलिए इस मौसम हाइड्रेशन को लेकर सचेत रहें। सर्दियों में यदि आपको प्यास नहीं लगती है तो चिंता न करें, पानी पीने के साथ ही कुछ अन्य ड्रिंक्स भी हैं, जो आपके शरीर को हाइड्रेटेड रहने में मदद करेंगी। आखिर सर्दियों में खुद को किस तरह हाइड्रेटेड रखा जा सकता है।

## सर्दियों में कैसे रख सकती हैं खुद को हाइड्रेटेड

**पानी पीने का एक गोल बनाएं :** सर्दियों में बॉडी हाइड्रेशन के लिए उचित मात्रा में पानी पीना चाहती हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण है एक गोल सेट करना। आमतौर पर हमें सर्दियों में कम प्यास लगती है, जिसकी वजह से पानी का सेवन बेहद सीमित हो जाता है। परंतु हमारे शरीर को पानी की आवश्यकता होती है, और हो सकता है कि वह डिहाइड्रेटेड हो जाए। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आपको पूरे दिन में कम से कम 2 से 3 बोतल पानी पीना है। इसके लिए आप अपने अनुसार पानी पीने का रिमाइंडर सेट कर सकते हैं।

**गुनगुना पानी पिएं :** ठंड के मौसम में पानी बहुत ठंडा हो जाता है, और ऐसे में इन्हें पीने का मन नहीं करता। सर्दियों में कम पानी पीने का यह एक बड़ा कारण है। हम सभी सर्दियों में अधिक आलसी हो जाते हैं और पानी गर्म करने में भी हमें आलस आता है, परंतु आपको एक्टिव होना पड़ेगा। हॉट वॉटर बोतल में पानी गर्म करके रख लें और समय-समय पर इसे पीती रहे। सर्दियों में गुनगुने पानी का सेवन शरीर के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा।



**डाइट में शामिल करें हाइड्रेटिंग फूड्स :** पानी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे की संतरा, स्ट्रॉबेरी, योगर्ट, ओटमील आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। कई ऐसे विंटर सुपरफूड्स हैं जिनमें भरपूर मात्रा में पानी पाया जाता है। जो आपकी सेहत के लिए बेहद कमल के होते हैं। इसके अलावा पौष्टिक सब्जी एवं हर्ब्स से घर पर बने हाइड्रेटिंग सूप का सेवन आपको हाइड्रेटेड रहने में मदद करेंगे। इसके साथ ही डिहाइड्रेशन का कारण बनने वाले अनहेल्दी फ्राइड और प्रोसैस्ड फूड्स से पूरी तरह परहेज रखने का प्रयास करें।

**हर्बल टी :** ठंड के मौसम में खुद को हाइड्रेटेड रखने के साथ संक्रमण से बचाना भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें हर्बल टी आपकी मदद कर सकते हैं। अदरक, काली मिर्च, इलायची, तुलसी, दालचीनी आदि से बने हर्बल टी बॉडी को हाइड्रेटेड रखने के साथ ही आपकी इम्यूनिटी को भी बूस्ट करते हैं। जिससे संक्रमण फैलने वाले बैक्टीरिया और वायरस शरीर को हानि नहीं पहुंचाते।

**शटरस्टॉक :** वहीं आप अपने नियमित गुनगुने पानी में भी संतरा, नींबू, तुलसी, पुदीना या फिर अन्य फलों को काटकर डाल सकते हैं। जिससे कि पानी में फ्लेवर ऐड होने के साथ ही उनमें विटामिन और मिनरल्स भी ऐड हो जाते हैं।

**अत्यधिक चाय और कॉफी से परहेज करें :** ठंड के मौसम में हम सभी की नियमित चाय और कॉफी की फ्रीक्वेंसी बढ़ जाती है। वहीं कॉफी में मौजूद कैफीन एक नेचुरल ड्यूरेटिक है, जो बॉडी से पानी और इलेक्ट्रोलाइट को बाहर निकाल देते हैं। इस प्रकार कैफीन डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है, इसलिए चाय और कॉफी की जगह हर्बल टी का सेवन करें।

# चर्बी को दूर करने के लिए व्याघ्रासन है कारगर

### निरोगी काया के साथ शरीर को सही पोश्चर में लाने के लिए व्याघ्रासन बेहतरीन विकल्प है। इसके निरंतर अभ्यास से जमा चर्बी को दूर करने के साथ कई समस्याओं को हल किया जा सकता है।

ज्योति सोही

अधिकतर महिलाएं शरीर के निचले हिस्से में जमा होने वाले फैट्स को लेकर चिंतित रहती हैं। वे हर दम खुद को फिट रखने के लिए कई प्रकार की डाइट और एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल कर लेती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस प्रकार के उपाय से शरीर निरोगी रहता है। मगर निरोगी काया के साथ शरीर को सही पोश्चर में लाने के लिए व्याघ्रासन बेहतरीन विकल्प है। इसके निरंतर अभ्यास से शरीर में जमा चर्बी को दूर करने के साथ कई समस्याओं को भी हल किया जा सकता है। योग गुरू आचार्य प्रतिष्ठा का कहना है कि लोअर बॉडी में जमा फैट्स को दूर करने के लिए व्याघ्रासन का निरंतर अभ्यास करें। इससे शरीर फुर्तीला रहता है और थाइज व हिप्स पर जमा चर्बी को आसानी से बर्न किया जा सकता है। इससे मेंटल हेल्थ भी बूस्ट होती है और शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होने लगता है। इससे शरीर की आकृति में भी परिवर्तन आता है, जिससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है।



## व्याघ्रासन के फायदे

**शरीर के निचले हिस्से में जमा फैट्स होगा बर्न :** इस योगासन के नियमित अभ्यास से शरीर के निचले हिस्से में जमा चर्बी को दूर करने में मदद मिलती है। लंबे वक्त तक बैठकर थाइज और हिप्स पर जमा चर्बी बर्न होने लगती है। इससे शरीर के अंगों में होने वाली ऐंठन को भी दूर किया जा सकता है।

**पोश्चर में सुधार :** रोजाना इसे योगासन को 8 से 10 बार करने से शरीर के पोश्चर में सुधार आने लगता है और शरीर हेल्दी हो जाता है। अतिरिक्त फैट्स दूर होने के साथ शारीरिक अंग अपनी शेप में आने लगते हैं। इससे शरीर की आकृति में परिवर्तन महसूस होता है।

**एनर्जी के स्तर में सुधार :** व्याघ्रासन को रोजाना करने से शरीर में स्टेमिना बूस्ट होता है और एनर्जी का लेवल बना रहता है। सर्दियों में बढ़ने वाले आलस्य और देर तक सोने की समस्या से राहत मिल जाती है। दिनभर में दो बार इस योगासन का अभ्यास शरीर को हेल्दी और फिट बनाए रखता है।

**मेंटल हेल्थ को करे बूस्ट :** इस योगासन को करने से मस्तिष्क में रक्त संचार नियमित होने लगता है, जिससे ब्रेन में बढ़ने वाले तनाव से मुक्ति मिल जाती है। इसके नियमित प्रयास से याददाश्त कम होने की समस्या से भी राहत मिल जाती है।

## व्याघ्रासन को करने की विधि

इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अब घुटनों के बल बैठ जाएं।
शरीर को कमर से सीधा रखें और दोनों हाथों को थाइज पर टिका लें और दोनों हाथों को भी जमीन पर रखें।
कमर को सीधा रखें और गहरी सांस लें।
अब दाई टांग को पीछे से उपर की ओर उठाएं और सामने की ओर देखें।
अब गर्दन को भी जितना हो सके उपर की ओर उठाएं। इसके बाद उस टांग को आगे की ओर ले आएं और शरीर की आर्क बना लेना।
इसके बाद चेहरे को घुटने से छूने का प्रयास करें। इस योगासन का 8 से 10 बार अभ्यास करें।
इससे शरीर की आकृति में भी परिवर्तन आता है।

## काव्य कोना

### मैं और मैं के अहम् का वहम

मैं और मैं के अहम् का वहम
यूँ भी एक भ्रम है।

नदी के मध्य सूखे रेत का बहाव
यूँ भी एक भ्रम है।

स्पर्धा और प्रतिस्पर्धा के अंतर को भूलाना
यूँ भी एक भ्रम है।

लक्ष्य के लिये सरल पथ ढूँढ़ना
भ्रम को भ्रमित करने का भ्रम है।

और फिर भ्रमवश भ्रमित
दानवीर ने पूछा माधव से
मुरलीधर मेरे संग ही ऐसा क्यूँ
भाव संयमी कमलनयन बोले-
प्रारम्भ से मातृ वियोग
एक ही रथ पर बैठे है दोनों
पथ साक्षी है सखा
अधिरथ बने सम्बल तुम्हारे
मेरे नंद बाबा
मैंने भी झेली वेदनायें अनेक
भागते, बचाते, सम्भालते
कभी कान्हा, कभी केशव, कहीं-कहीं रणछोड़
ठिकाना बनाया सागर किनारे द्वारिका
कालचक्र ने मेरी वेदनाओं को मुस्कुराहट में परिणत किया
कटुता, द्वेष, पीड़ा भ्रम लगने लगे।

मैं और मैं के अहम् का वहम
यूँ भी एक भ्रम है।

– नाग मणि

### कम बजट में भी कर सकते हैं

# वियतनाम की सैर

अनन्या मिश्रा

दक्षिण-पूर्वी एशिया में स्थित वियतनाम देश काफी ज्यादा खूबसूरत है। ऐसे में आप यहां पर आसानी से घूमने का प्लान बना सकते हैं। वियतनाम में घूमने की इतनी बेहतरीन और खूबसूरत जगहें हैं। जो आपकी ट्रिप को हमेशा के लिए यादगार बना सकती हैं। गूगल पर लोग सबसे ज्यादा खाने से लेकर घूमने तक के बारे में सर्च करते हैं। वहीं घूमने के शौकीन लोग समय मिलते ही घूमने का प्लान बना लेते हैं। वहीं इस साल भारत की कुछ जगहों के साथ-साथ बाहर के कुछ देशों ने भी घूमने की टॉप 10 जगहों में अपनी जगह बनाई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस लिस्ट में सबसे टॉप पर कौन सा नाम रहा। ऐसे मे अगर आपका जवाब नहीं है, तो बता दें कि इस लिस्ट में वियतनाम टॉप पर रहा। दक्षिण-पूर्वी एशिया में स्थित वियतनाम देश काफी ज्यादा खूबसूरत है। ऐसे में आप यहां पर आसानी से घूमने का प्लान बना सकते हैं। वियतनाम में घूमने की इतनी बेहतरीन और खूबसूरत जगहें हैं। जो आपकी ट्रिप को हमेशा के लिए यादगार बना सकती हैं। ऐसे में अगर आप भी वियतनाम घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। वियतनाम की खूबसूरती का सबसे बेहतरीन नजारा हा लॉन्ग बे में देखने को मिल सकता है। यह जगह यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में भी शामिल है। हा लॉन्ग बे से आपको बेहद खूबसूरत समुद्री नजारा देखने को मिलता है। यहां पर आप बोटिंग का आनंद भी उठा सकते हैं। आप बोटिंग के जरिए इस खूबसूरत जगह का बेहतरीन नजारा देख सकते हैं। इसके अलावा यहां पर कई गुफाएं भी हैं। ऐसे में वियतनाम घूमने के दौरान आपको अपनी ट्रैवल लिस्ट में इन जगह को जरूर शामिल करना चाहिए।



**सापा कंट्रीसाइड :** वियतनाम की सुंदरता को सुकून से निहारने के लिए सापा कंट्रीसाइड भी एक अच्छा ऑप्शन है। शहर के शोर-शराबे से दूर आप इस जगह पर प्रकृति का आनंद ले सकते हैं। साथ ही आप यहां पर ट्रेकिंग का भी मजा ले सकते हैं। बता दें कि पहाड़ों की गोद में स्थित सापा कंट्रीसाइड से आपको कई बेहतरीन नजारे देखने को मिलेंगे और साथ ही आप यहां के कल्चर के बारे में ज्यादा जान सकेंगे।

**क्यू ची सुरंगें :** वियतनाम में युद्ध के दौरान हो ची मिन्ह सिटी में क्यू ची सुरंगें बनाई गई थीं। जिससे कि सैनिक आपस में आसानी से संपर्क कर सकें। ऐसे में आप इस टनल से वियतनाम के इतिहास की एक झलक देख सकते हैं। हांलाकि यहां घूमने के लिए आप गाइड की सहायता भी ले सकते हैं।

**बा बा नेशनल पार्क :** अगर आप वियतनाम में जंगल और तलाब का मजा एक साथ लेना चाहते हैं, तो बा बा नेशनल पार्क आपके लिए परफेक्ट है। यहां पर आप ट्रेकिंग और बोटिंग जैसी कई एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। इसके अलावा आपको यहां पर नाइट स्टे का आनंद भी लेना चाहिए।

**गोल्डन ड्रैगन वॉटर पपेट थिएटर :** आपको बता दें कि गोल्डन ड्रैगन वॉटर पपेट कोई आम पपेट शो नहीं है। इस थिएटर में आपको हजारों साल पुराने पपेट शो दिखाए जाते हैं, जोकि पानी में होते हैं। आप इस जगह पर म्यूजिक का आनंद भी ले सकते हैं। साथ ही अगर आप यहां की संस्कृति और कला को बेहद पास से जानना चाहते हैं, तो आपको इस जगह को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6938

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6937 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**08 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.14 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कुंभ | 09.01 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.34 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.04 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.44 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.42 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.56 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.12 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.24 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 00.34 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृश्चिक | 02.49 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 05.05 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का आठवा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी 23.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 22.03 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 02.56 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** कौलव 12.29 बजे तदनन्तर तैतिल 23.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 20'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871852
**जूलियन दिन** 2460317.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 25

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 8000

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. सुगंध, खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन, सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश, विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वसय, घेरा-3
15. आंचल, पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर, पिता का घर-3
24. नवीन, नया, नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक, न भरने वाला जख्म-3

**ऊपर से नीचे**

1. जी, चित्त, इच्छा-2
2. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर, विदुषक-4
5. दुनिया, जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव, हरदम-2
11. जन्म, पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी, नलका-2
18. वश, अधीन-2
19. परिणाम, हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

### शब्द पहेली -7999 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वृ | क्ष | ■ | अ | रा | ध | ना | ■ | जु |
| ■ | मा | न | क | ■ | इ | ■ | व | र्म |
| अ | ■ | स | मु | न | ■ | सु | र | ■ |
| चा | ल | ■ | ■ | त | ■ | ब | खा | न |
| न | ■ | आ | रा | म | दे | ह | ■ | न |
| क | प | रा | ■ | स्त | ■ | ■ | भा | दो |
| ■ | गी | म | ■ | क | च | रा | ■ | ई |
| मो | ज | ■ | रा | ■ | र | स | म | ■ |
| त | ■ | को | ह | रा | म | ■ | स्त | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे।

**वृष राशि :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुन राशि :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**कर्क राशि :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह राशि :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कन्या राशि :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला राशि :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

**मकर राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ राशि :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे।

**मीन राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

